भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-1055
बुधवार, 28 जुलाई, 2021/06 श्रावण, 1943 (शक)

नेशनल करियर सर्विस पोर्टल के माध्यम से प्रदान किए गए रोजगार

1055. डा. अमर पटनायकः

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वित्तीय वर्षों के दौरान ओडिशा के विशेष संदर्भ में नेशनल करियर सर्विस (एनसीएस) के अंतर्गत रोजगार पाने की इच्छा रखने वाले कितने लोग पंजीकृत हुए हैं;

(ख) विगत तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान नेशनल करियर सर्विस पोर्टल के माध्यम से रोजगार चाहने वाले कुल कितने लोगों को रोजगार प्राप्त हुआ है;

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान पोर्टल के माध्यम से कुल कितने लोगों को सार्वजनिक क्षेत्र में और निजी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त हुआ है; और

(घ) विगत तीन वर्षों के दौरान मंत्रालय द्वारा आयोजित रोजगार मेले के माध्यम से कुल कितने लोगों को रोजगार प्राप्त हुआ है, तत्संबंधी राज्य-वार/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) से (ग)ः विगत तीन वित्तीय वर्षों में राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल (www.ncs.gov.in) के अंतर्गत पंजीकृत सक्रिय रोजगार चाहने वालों की औसत संख्या निम्नानुसार हैः

वित्तीय वर्ष	सक्रिय रोजगार चाहने वालों की औसत संख्या	
	अखिल भारत	ओडिशा
2018-19	90.30 लाख	0.64 लाख
2019-20	103.98 लाख	0.53 लाख
2020-21	104.45 लाख	1.36 लाख

अंतिम हायरिंग आंकड़ो को अधिसूचित करना एनसीएस पोर्टल पर अनिवार्य आवश्यकता नहीं है। तथापि, 18 जुलाई, 2021 तक पोर्टल के 20-07-2015 को आरंभ होने से सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र में रिक्तियों सहित कुल 86.13 लाख रिक्तियों को एनसीएस पर जुटाया गया है।

(घ): विगत तीन वर्षों में एनसीएस परियोजना के तहत आदर्श करियर केंद्रों द्वारा आयोजित किए रोजगार मेलों के माध्यम से रोजगार प्राप्त करने वाले व्यक्तियों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या का ब्यौरा अनुबंध पर दिया गया है।

इसके अतिरिक्त, राज्य अपने स्वयं के संसाधनों से भी रोजगार मेले आयोजित करते हैं।

<u>अनुबंध</u>

राज्य सभा के दिनांक 28.07.2021 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1055 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

विगत तीन वर्षों में एनसीएस परियोजना के तहत आयोजित किए गए रोजगार मेलों के माध्यम से रोजगार प्राप्त करने वाले व्यक्तियों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या का ब्यौरा

राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	**अंतिम प्रस्ताव पत्र प्रदान किए गए अभ्यर्थियों की संख्या**			
	2018-19	**2019-20**	**2020-21**	**योग**
आंध्र प्रदेश	419	394	125	938
असम	730	356	-	1086
बिहार	2743	1497	128	4368
छत्तीसगढ	936	778	39	1753
दिल्ली	65	505	10	580
गुजरात	31077	18453	485	50015
हरियाणा	242	32	-	274
हिमाचल प्रदेश	1731	2635	-	4366
जम्मू और कश्मीर	20	-	-	20
झारखंड	1359	2259	273	3891
कर्नाटक	1142	820	301	2263
केरल	97	250	-	347
मध्य प्रदेश	8724	974	1	9699
महाराष्ट्र	900	1388	-	2288
ओड़िशा	2760	724	-	3484
पंजाब	1304	5779	57	7140
राजस्थान	5782	2920	509	9211
तमिलनाडु	1198	4302	1406	6906
तेलंगाना	136	360	89	585
त्रिपुरा	1697	205	51	1953
उत्तर प्रदेश	6303	41603	28227	76133
उत्तराखंड	2561	562	-	3123
पश्चिम बंगाल	613	26	26	665
योग	**72539**	**86822**	**31727**	**191088**